संख्या-30 /2020/सा0-231/38-2-2020-सा0-1133/18टीसी

प्रेषक,

अच्छे लाल सिंह यादव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-2 **लखनऊ: दिनांक 24 अगस्त, 2020**

विषय:- जनपद-उन्नाव के विकास खण्ड नवाबगंज के आवासीय/अनावासीय भवनों के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-12/2020/सा0-89/38-2-2020-सा0-1133/18टीसी दिनांक 19 मार्च, 2020 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके, द्वारा जनपद-उन्नाव के विकास खण्ड नवाबगंज के आवासीय/ अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उन्नाव को प्राक्कलन लागत रू0 204.97 के अनुसार कार्य सम्पादित करने पर सहमित दिये जाने पर कार्यदायी संस्था नामित किया गया था।

2- शासन के संज्ञान में आया है कि कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उन्नाव द्वारा उक्त निर्माण कार्य में प्रगति नहीं की गयी है तथा कार्य में विलम्ब किया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उन्नाव से तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य न कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उन्नाव को निर्माण कार्य न कराये जाने के संबंध में तत्काल निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

अच्छे लाल सिंह यादव
विशेष सचिव।

संख्या-30/2020/सा0-231(1)/38-2-2020 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी) प्रथम /द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार,(लेखा-परीक्षा) प्रथम /द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- अपर आयुक्त, (वित्त) ग्राम्य विकास उ0प्र0, लखनऊ।
4- जिलाधिकारी, उन्नाव।
5- मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
6- कोषाधिकारी, उन्नाव।
7- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उन्नाव।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (बजट) अनुभाग-1/2
9- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्राखण्ड, उन्नाव ।
10- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

रमेश चन्द्र मिश्र
उपसचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in